Regarding need to extend Sitapur-Mumbai Train up to Mailani Junction in Kheri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर **(खीरी) :** मैं सरकार का ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय लोकसभा क्षेत्र खीरी में रेल परिचालन की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । आजादी से अब तक खीरी लोकसभा क्षेत्र डायरेक्ट नई दिल्ली, अमृतसर, मुंबई जैसे शहरों से रेल परिचालन से नहीं जुड़ा है । आज देश में राजधानी, शताब्दी, वंदेभारत जैसी ट्रेन चल रही हैं । वहीं लखीमपुर, गोला, मैलानी इत्यदि क्षेत्र एक डायरेक्ट एक्सप्रेस ट्रेन को तरस रहें हैं । सीतापुर से मुंबई जाने के लिए जो ट्रेन है उसका विस्तार मैलानी जंक्शन तक कर दिया जाए तो क्षेत्रवासियों के लिए अच्छा होगा । मेरा रेल मंत्री जी से आग्रह है कि उपरोक्त वर्णित समस्याओं के निराकरण हेतु यथाशीघ्र जनहित में रेल परिचालन करायें ।